Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 15-12-2006

Participants : Ahir Shri Hansraj Gangaram

>

Title: Regarding non-supply of iron ore and coal to industries by the National Mineral Development Corporation and C.I.L.

श्री हंसराज जी. अहीर (चन्द्रपुर) : सभापति महोदया, मैं अपने चुनाव क्षेत्र का एक बहुत महत्वपूर्ण विाय सदन में उठाना चाहता हूं। मेरे चुनाव क्षेत्र चन्द्रपुर में अनेक स्पाँज ऑयरन ओर के संयंत्र लगे हुए हैं। इन संयंत्रों में लगने वाले कच्चा माल आयरन ओर व कोयले की आपूर्ति एन.एम.डी.सी. व कोल मंत्रालय/सी.आई.एल. द्वारा की जाती है, लेकिन बार-बार मांगने पर भी कच्चे माल की आपूर्ति इन संयंत्रों को नहीं की जा रही है। इस कारण ये संयंत्र बंद होने के कगार पर पहुंच गए हैं। ये संयंत्र हजारों लोगों को रोजगार देते हैं और इनके बंद होने से हजारों परिवार आर्थिक तंगी से गुजरेंगे।

महोदया, एन.एम.डी.सी. आयरन ओर भारी मात्रा में निर्यात करती है, लेकिन छोटे उद्योगों को आयरन ओर आपूर्ति हेतु आबंटन नहीं करती है और न सी.आई.एल. कोयला आबंटित नहीं करती है क्योंकि उनकी ज्यादा दिलचस्पी निर्यात करने में है। मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि एन.एम.डी.सी. निर्यात करने से पहले अपने देश के छोटे-छोटे उद्योगों को पहले आपूर्ति करे और सी.आई.एल. इन्हें कोयले का कोटा आबंटित करे, ताकि इन उद्योगों को बन्द होने से बचाया जा सके। [r67][r68]